# राजकीय संस्कृत महाविद्यालय सोलन, के छात्र निधि लेखों का अवधि 04/1995 से 03/2014 का लेखा परीक्षा एवं निरीक्षण प्रतिवेदन।

## भाग–एक

1 **विगत अंकेक्षण प्रतिवेदनः–**

संस्कृत महाविद्यालय सोलन के निधि लेखों से संम्बन्धित विगत अंकेक्षण प्रतिवेदनों में समाविष्ट अनिर्णीत पैरों पर कृत कार्यवाही की समीक्षा के उपरान्त पैरों की नवीनतम स्थिति निम्नानुसार है वर्षो से अनिर्णीत पैरों के निस्तारण हेतु विशेष अभियान/कार्रवाई सुनिश्चित करें।

| अंकेक्षण प्रतिवेदन अवधि | | पैरा संख्या | टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| 04/78 से 03/83 | (1) | पैरा 3 | अनिर्णीत |
| 04/84 से 03/92 | (1) | पैरा 4 | अनिर्णीत |
| | (2) | पैरा 5 | अनिर्णीत |
| | (3) | पैरा 6 (ग) | अनिर्णीत |
| | (4) | पैरा 7 (क) | निर्णीत |
| | (5) | पैरा 7 (ख) | अनिर्णीत |
| | (6) | पैरा 8 | अनिर्णीत |
| 04/92 से 03/95 | | पैरा 4 | अनिर्णीत |
| | | पैरा 5 | अनिर्णीत |
| | | पैरा 6 | अनिर्णीत |
| | | पैरा 7 | अनिर्णीत |
| | | पैरा 8 (क तथा ख) | अनिर्णीत |
| | | पैरा 9 | अनिर्णीत |

## भाग–2

2 **वर्तमान अंकेक्षणः–**

महाविद्यालय के अवधि 01–04–1995 से 31.3.2014 के निधि लेखों का वर्तमान अंकेक्षण व निरीक्षण जिसके परिणाम अनुवर्ती पैरों में दर्शायें गए है, श्री पुनीश सागर अनुभाग अधिकारी तथा श्री राकेश कुमार, कनिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा राजकीय संस्कृत महाविद्यालय सोलन, में किया गया। लेखा परीक्षा के दौरान आय की विस्तृत जाँच हेतु

माह 09/1995, 09/1996, 10/1997, 11/1998, 11/1999, 09/2000, 09/2001, 07/2002, 08/2003, 07/2004, 09/2005, 08/2006, 08/2007, 06/2008, 06/2009, 06/2010, 06/2011, 06/2012 तथा 06/2013 तथा व्यय हेतु माह 12/1995, 10/1996, 03/1998, 09/1998, 11/1999, 10/2000, 09/2001, 09/2002, 11/2003, 10/2004, 01/2006, 04/2006, 04/2007, 11/2008, 11/2009, 04/2010, 01/2012, 02/2013 तथा 04/2013 का चयन किया गया था अनुवर्ती अनुच्छेदों में दर्शायें गए अभिलेख के अतिरिक्त समस्त वांछित अभिलेख अंकेक्षण में प्रस्तुत किये गये।

यह अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन पाठशाला प्रशासन द्वारा अंकेक्षण को उपलब्ध करवाए गए अभिलेख एवं सूचनाओं पर आधारित है तथा महाविद्यालय प्रशासन द्वारा किसी अभिलेख अथवा सूचना के गलत उपलब्ध करवाए जाने/अपूर्ण उपलब्ध करवाए जाने अथवा उपलब्ध ही न करवाए जाने की अवस्था में इस अंकेक्षण एवं निरीक्षण प्रतिवेदन पर होने वाने किसी भी प्रकार के प्रभाव हेतु स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश का कोई उत्तरदायित्व नहीं है।

3 **अंकेक्षण अवधि में राजकीय संस्कृत महाविद्यालय सोलन, में निम्नलिखित प्रधानाचार्य आहरण एवं संवितरण अधिकारी के रूप में कार्यरत रहेः–**

| क्रमांक | प्रधानाचार्य का नाम | अवधि |
|---|---|---|
| 1 | डा. कुमार सिंह सिसोदिया | 1/4/1995 से 18/9/04 |
| 2 | श्री हरी बल्लभ शर्मा | 19/09/04 से 08/07/05 |
| | | 19/07/05 से 31/01/06 |
| 3 | डा. लेख राम शर्मा | 1/2/06 से 3/6/05 तथा |
| | | 4/5/06 से 29/02/08 |
| 4 | डा. प्रेम लाल गौतम | 1/3/08 से 23/12/08 |
| | | 24/01/08 से 31/10/12 |
| 5 | डा. राम दत्त्त शर्मा | 1/11/12 से 24/7/13 |
| 6 | डा. केशवानंद कौशल | 25/07/2012 से 31/3/2014 |

**4 लेखा परीक्षा शुल्कः—**

राजकीय संस्कृत महाविद्यालय सोलन, के लेखाओं अवधि 04/95 से 03/14 तक का अंकेक्षण निम्नविवरणानुसार ₹1,02,000 बनता है। अनुभाग अधिकारी (ले0प0) के पत्र संख्या 146 दिनाँक 26/12/14 द्वारा यह राशि बैंक ड्राफ्ट के माध्यम से निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश, शिमला—9 को भेजने हेतु अनुरोध किया गया था तथा महाविद्यालय द्वारा ड्राफ्ट **संख्या "879248"** दिनाँक 17/01/2015 द्वारा निदेशक, स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश, शिमला—9 को प्रेषित कर दिया गया है।

**5 वित्तीय स्थितिः—**

महाविद्यालय की अवधि 01.04.1995 से 31.03.2014 की वित्तीय स्थिति **परिशिष्ट "क"** पर संलग्न है।

**वित्तीय स्थिति के पड़ताल के दौरान निम्नलिखित आपतियां पाई गईः—**

**(i)** वर्ष 1998—99 के दौरान किये गये कुल व्यय ₹14,178 में ₹2263 लाइब्रेरी सेक्योरिटी निधि से सम्बन्धित खर्च सम्मिलित है परन्तु अंकेक्षण के दौरान इस निधि की अवधि 01/01/1995 से 22/07/98 तक की रोकड़ बही प्रस्तुत नहीं की गई। इस निधि की पास बुक के अनुसार दिनाँक 01/04/95 को ₹25039.01 शेष थे तथा दिनाँक 23/07/98 को रोकड़ बही के अनुसार आरम्भिक शेष ₹22776.01 था। अवधि 01/04/95 से 22/07/98 के दौरान इस फडं के शेष में net ₹2263 {25039.01 (दिनाँक 01/04/95 को शेष)—22776.01 (दिनाँक 23/07/98 को शेष)} की कमी आई थी परन्तु इस अवधि से सम्बन्धित रोकड़ बही प्रस्तुत न किये जाने के कारण ₹2263 की कमी के सही होने बारे पुष्टि नही की जा सकी। अतः आगामी अंकेक्षण पर इस अवधि से सम्बन्धित रोकड़ बही प्रस्तुत की जानी सुनिश्चित की जाए ताकि इस अवधि के दौरान आये net अतंर (व्यय) ₹2263 के सही होने की पुष्टि की जा सके।

**(ii)** वर्ष 2004—05 के दौरान प्राप्त आय ₹3,71,282 में ₹79,844.55 भवन निधि से सम्बन्धित आय सम्मिलित है परन्तु अंकेक्षण के दौरान इस निधि की दिनाँक 01/01/1995 से 28/02/05 तक की रोकड़ बही प्रस्तुत नहीं की गई। इस निधि की पास बुक के अनुसार दिनाँक 01/04/95 को ₹102.85 शेष थे तथा दिनाँक 28/02/2005 को रोकड़बही के अनुसार आरम्भिक शेष ₹79947.40 था। अवधि

01/04/95 से 28/02/2005 के दौरान इस निधि के शेष में net ₹79844.55 [₹79947.40 (दिनाँक 28/02/2005 को शेष) ₹102.85 (दिनाँक 01/04/95 को शेष)] की बढोतरी हुई थी परन्तु इस अवधि से सम्बन्धित रोकड़ बही प्रस्तुत न किये जाने के कारण इस निधि में आई ₹79,844.55 की बढ़ोतरी के सही होने बारे पुष्टि नहीं की सकी। अतः आगामी अंकेक्षण पर इस अवधि से सम्बन्धित रोकड़ बही प्रस्तुत की जानी सुनिश्चित की जाए ताकि इस अवधि के दौरान आय ₹79,844.55 की बढोतरी के सही होने की पुष्टि की जा सके।

**(iii)** वर्ष 2009–10 के दौरान प्राप्त आय ₹3,54,232.21 में ₹16084.21 होस्टल सेक्योरिटी निधि से सम्बन्धित आय सम्मिलित है परन्तु अंकेक्षण के दौरान इस निधि की दिनाँक 13/06/09 से पहले की रोकड़ बही प्रस्तुत नहीं की गई। इस निधि की रोकड़ बही के अनुसार दिनाँक 13/06/2009 को आरम्भिक शेष ₹16084.21 था परन्तु दिनाँक 13/06/2009 से पहले की अवधि से सम्बन्धित रोकड़ बही प्रस्तुत न किये जाने के कारण इस निधि के आरम्भिक शेष ₹10684.21 के सही होने बारे पुष्टि नहीं की जा सकी। अतः आगामी अंकेक्षण पर दिनाँक 13/06/2009 से पहले की अवधि से सम्बन्धित रोकड़ बही प्रस्तुत की जानी सुनिश्चित की जाए ताकि ₹16084.21 के आरम्भिक शेष के सही होने की पुष्टि की जा सके।

**(iv)** वर्ष 2009–10 के दौरान प्राप्त आय ₹3,54,232.21 में ₹1834 ट्युशन फी फड़ से सम्बन्धित आय सम्मिलित है। इस निधि की रोकड़ बही के अनुसार दिनाँक 30/06/2010 को आरम्भिक शेष ₹1834 था जोकि वर्ष 2009–10 का मार्च/2010 का अंतिम शेष प्रतीत होता है परन्तु अंकेक्षण के दौरान दिनाँक 30/06/10 से पहले की रोकड़ बही के प्रस्तुत न किये जाने के कारण इस राशि के सही होने बारे पुष्टि नहीं की जा सकी। अतः आगामी अंकेक्षण पर दिनाँक 30/06/2010 से पहले की अवधि से सम्बन्धित रोकड़ बही प्रस्तुत की जानी सुनिश्चित की जाए ताकि ₹1834 के आरम्भिक शेष के सही होने की पुष्टि की जा सके।

**(v)** अनुपस्थित दण्ड निधि के अन्तर्गत दिनाँक 05/2001 को आरम्भिक शेष ₹1310.97 लिया गया था जबकि रोकड़ बही के अनुसार दिनाँक 24/10/2000 को अन्तिम शेष ₹893.70 था तथा दिनाँक 24/10/2000 से 05/2001 तक रोकड़ बही में कोई भी प्रविष्टि न होने के कारण दिनाँक 05/2001 को आरम्भिक शेष ₹893.70 Carry

forward किया जाना अपेक्षित था परन्तु यह शेष ₹417 अधिक ₹1310.97 Carry forward लिया गया था। अतः ₹417 किस आधार पर अधिक Carry forward किये गये थे इस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए व वस्तुस्थिति से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

**(vi)** लाइब्रेरी सेक्योरिटी निधि के अतंर्गत दिनाँक 25/07/2001 को आरंम्भिक शेष ₹35474.29 (दिनाँक 04/07/2001 को अंतिम शेष) के स्थान पर ₹100 कम ₹35374.29 Carry forward किया गया था। अतः ₹100 किस आधार पर कम Carry forward किये गये थे इस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए व त्रृटि को ठीक किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**6 <u>सावधि निवेशः–</u>**

**<u>वित्तीय कुप्रबन्धन के कारण ₹4,72,772 की अतिरिक्त ब्याज आय से वंचित होनाः–</u>**

महाविद्यालय द्वारा उपलब्ध करवाई गई जानकारी **(परिशिष्ट "क" अनुसार)** अंकेक्षण अवधि के दौरान महाविद्यालय द्वारा किसी भी राशि का सावधि जमा खाता में निवेश नहीं किया गया था तथा महाविद्यालय के बचत खातों में लाखों रूपये की राशि बिना उचित निवेश के पड़ी थी। यह इस राशि को समय–2 पर उचित वित्तीय प्रबन्धन करते हुए साविध जमा में निवेश किया जाता तो इससे पाठशाला को अतिरिक्त ब्याज के रूप में आय प्राप्त होती। अंकेक्षणाधीन अवधि में अतिरिक्त ब्याज की हुई हानि ₹4,72,772 का आंकलन नीचे दिया गया है। अगर वर्ष के अन्तिम शेषों के औसतन 75 प्रतिशत भाग को जरूरत अनुसार सावधि जमा में निवेशित किया गया होता तो उक्त अतिरिक्त ब्याज की आय प्राप्त की जा सकती थी। अतः सुझाव दिया जाता है कि महाविद्यालय में एकत्रित अधिकतम राशि को उचित भागों में बांटकर सावधि जमा में निवेश किया जाए ताकि आवश्यकता पड़ने पर किसी एक साविध जमा निवेश को समय पर पूर्व भुनाया जा सके तथा निवेशों पर नियमित रूप से अतिरिक्त ब्याज की आय प्राप्त हो सके।

| क0सं0 | वर्ष | 31मार्च को अन्तिम शेष (₹) | 75 प्रतिशत राशि जो सावधि जमा निवेश में की जा सकती थी (₹) (लगभग) | 5 प्रतिशत अतिरिक्त ब्याज की दर से प्राप्त होने वाली आय की हानि (₹) (लगभग) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 1995–96 | 39720.05 | 29790.03 | 1490.00 |
| 2 | 1996–97 | 41429.10 | 31071.82 | 1554.00 |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 3 | 1997—98 | 43938.85 | 32954.14 | 1648.00 |
| 4 | 1998—99 | 35470.80 | 26603.00 | 1330.00 |
| 5 | 1999—2000 | 47050.64 | 35288.00 | 1764.00 |
| 6 | 2000—01 | 89615.41 | 67211.55 | 3361.00 |
| 7 | 2001—02 | 133074.23 | 99805.67 | 4990.00 |
| 8 | 2002—03 | 243563.49 | 182672.61 | 9134.00 |
| 9 | 2003—04 | 359026.34 | 269269.75 | 13464.00 |
| 10 | 2004—05 | 588097.54 | 441073.00 | 22054.00 |
| 11 | 2005—06 | 763226.54 | 572419.90 | 28621.00 |
| 12 | 2006—07 | 902389.53 | 676792.14 | 33840.00 |
| 13 | 2007—08 | 1086086.53 | 814564.89 | 40728.00 |
| 14 | 2008—09 | 1224633.53 | 918475.14 | 45924.00 |
| 15 | 2009—10 | 1379599.74 | 1034699.80 | 51735.00 |
| 16 | 2010—11 | 158323074 | 1187423.00 | 59371.00 |
| 17 | 2011—2012 | 1547447.74 | 1160585.80 | 58029.00 |
| 18 | 2012—13 | 1238505.74 | 928879.30 | 46444.00 |
| 19 | 2013—14 | 1261096.74 | 945822.55 | 47291.00 |
| | | | **कुल योग=** | **4,72,772.00** |

**7 <u>निधियों से सम्बन्धित रोकड़ बहियों में प्रविष्टियों का सत्यापन न किये जाने बारेः—</u>**

निधियों से सम्बन्धित रोकड़ बहियों की पड़ताल के दौरान पाया गया कि रोकड़ बहियों का रख रखाव उचित रूप से नहीं किया जा रहा है जैसे कि रोकड़ बहियों में कई पृष्ठों पर कटिंग तथा ओवर राईटिंग का पाया जाना, कटिंग तथा ओवर राईटिंग का किसी भी सक्षम अधिकारी द्वारा सत्यापित न किया जाना माह के अंत में हस्तगत शेष बारे डी.डी. ओ द्वारा आवश्यक प्रमाण पत्र न दिया जाना, रोकड़ बही में वाऊचर संख्या न लिखा जाना आएि जोकि निम्न कुछ प्रकरणों से स्पष्ट हो जाता है तथा यह हिमाचल प्रदेश शिक्षा संहिता के नियम 4.9 में दिए गए निर्देशों की अवहेलना भी है। अतः उपरोक्त त्रुटियों बारे उचित स्पष्टीकरण दिया जाए एवं भविष्य में इन अनियमितताओं की पुनरावृति न हो ये भी सुनिश्चित किया जाए।

| क्र0सं0 | रोकड़ बही का शीर्ष | अवधि | टिप्पणी |
|---|---|---|---|
| 1 | एन.सी.सी निधि | 02/03 से 01/05 तक | रोकड़ बही में शेषों का सत्यापन नहीं किया गया था। |
| 2 | यूनिवर्सिटी फी फंड | 12/03 से 10/04 तक | यथोपरि |
| 3 | फर्नीचर सिक्योरिटी फड़ | 08/01 से 10/04 तक | यथोपरि |
| 4 | होस्टल सेक्योरिटी फंड | 08/03 से 12/05 तथा 11/03 से 12/07 तक | यथोपरि |
| 6 | होस्टल वाटर चर्जिस फंड | 08/04 से 12/04 तथा 12/07 से 06/08 तक | यथोपरि |
| 7 | अनुपस्तिथि फाइन फंड | 05/01 से 04/04 तक | यथोपरि |
| 8 | युटेएंसील फंड | 02/03 से 10/04 तक | यथोपरि |
| 9 | हाउस बिल्डिंग कमेटी फंड | 08/03 से 12/05 तथा 11/06 से 12/07 तक | यथोपरि |
| 10 | होस्टल क्लेरिकल फंड | 02/04 से 03/06 तक | यथोपरि |
| 12 | स्टूडेंट वेलफेयर फंड | 12/06/12 से 30/06/12 तक | कटिंग/ओवर राईटिंग का सत्यापन नहीं किया गया था |
| 13 | रेड क्रॉस फंड | 12/06/12 से 20/06/12 तक | यथोपरि |

8 **<u>रसीद बुकस के स्टॉक रजिस्टर का रख रखाव उचित तरीके से न करने बारेः–</u>**

महाविद्यालय द्वारा विभिन्न निधियों से प्राप्त आय की पड़ताल के दौरान महाविद्यालय के रसीद बुकस के इस्तेमाल में हो रही निम्नलिखित अनियमितताएं पाई गईः–

**(i)** लेखा परीक्षा में पाया गया कि रसीद बुकस से सम्बन्धित स्टॉक रजिस्टर का रख रखाव नहीं किया जा रहा है जिसके अभाव में अंकेक्षण अवधि के दौरान रसीद बुकस के क्रय किये जाने, जारी किये जाने/इस्तेमाल किये जाने बारे तथा इनके आरम्भिक एवं अतिम शेषों की पड़ताल नहीं की जा सकी। अंकेक्षण अधियाचना संख्या 89 दिनाँक

06/09/2014 द्वारा भी इस बारे जानकारी मांगी गई थी परन्तु अंकेक्षण की समाप्ति तक कोई भी जानकारी उपलब्ध नहीं करवाई गई।

**(ii)** रसीद बुकस का प्रयोग क्रमवार नहीं किया जा रहा था जोकि गम्भीर अनियमितता है। इस अनियमितता से सम्बन्धित कुछ प्रकरण निम्न प्रकार से हैः–

| **माह** | **निधि संग्रह रजिस्टर की पृष्ठ संख्या** | **जिस क्रम में रसीदों की प्रविष्टियाँ की गई पाई गई।** |
|---|---|---|
| 08/07 | 45 से 50 | 13285 से 13300 उसके पश्चात 13401 से 13500 रसीद बुक इस्तेमाल की गई थी। |
| 06/08 | 61 से 74 | 11383 से 11400 उसके पश्चात 13343 से 13400 उसके पश्चात 14067 से 14100 उसके पश्चात 14507 से 14600 उसके पश्चात 15001 से 15005 उसके पश्चात 14601 से 14697 रसीद बुक इस्तेमाल की गई थी। |
| 06/09 | 89 से 97 | 15601 से 15700 के पश्चात 15719 से 15800 रसीद बुक इस्तेमाल की गई थी। |
| 07/04 | 149 से 163 | 10001 से 10100 के पश्चात 9150 से 9200 उसके पश्चात 10101 से 10150 रसीद बुक इस्तेमाल की गई थी। |

(iii) कई रसीदों पर कटिंगस/ओवर राईटिंगस की गई थी जिन्हे सक्षम अधिकारी द्वारा सत्यापित नहीं किया गया था।

उपरोक्त अनियमितताओं के मध्यनजर रसीद बुकस के स्टॉक का उचित तरीके से रख रखाव न करने के अभाव में रसीदो के दुरूपयोग की सम्भावना से इन्कार नहीं किया जा सकता। अतः उपरोक्त अनियमितताओं बारे स्थिति स्पष्ट करने के साथ साथ अपने स्तर पर 04/95 से 03/14 तक रसीद बुकस के स्टोर की विस्तृत पड़ताल के उपरान्त तथा रसीद बुकस के स्टॉक रजिस्टर को तैयार करके वस्तुस्थिति तथा नियमानुसार कृत आवश्यक कार्यवाही से आगामी अंकेक्षण पर अवगत करवाया जाए तथा भविष्य में उपरोक्त अनियमितताओं की पुनरावृति न हो सके।

**आयः–**

9 **भवन निधि के अन्तर्गत ₹1920 की वसूली न किये जाने बारेः–**

महाविद्यालय के निधि संग्रह रजिस्टर की पड़ताल के दौरान पाया गया कि निम्नविवरणानुसार भवन निधि के अन्तर्गत ₹1920 की वसूली कम की गई थीः–

| वर्ष | निधि का शीर्ष | निधि संग्रह रजिस्टर पृष्ठ संख्या | वर्ष 2000–01 के दौरान छात्र/ छात्राओं की संख्या (परिशिष्ट "ग") | वर्ष के दौरान ₹10 प्रति माह की दर से 12 माह जितनी वसूली की जानी अपेक्षित थी (₹) (क) | निधि संग्रह रजिस्टर के अनुसार वर्ष के दौरान ₹10 प्रति माह की दर से जितनी वसूली की गई थी। (₹)। (ख) | जितनी वसूली कम की गई थी। (₹) (क–ख) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2000–01 | भवन फंड | 7 से 33 | 212 | 25440 (212 छात्र X10 रू0 प्रति माह X12 माह) | (212 छात्र ₹10 प्रति माह X6 माह= ₹12720 (180 छात्र ₹10 प्रति माह X6 माह) ₹10800 कुल की गई वसूली= 23520 (12720+10800) | ₹1920 (25440–23520) |

अतः इस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए अन्यथा ₹1920 की वसूली उचित स्त्रोत से करके अनुपालना से आगामी अंकेक्षण पर अवगत करवाया जाए।

10 **₹1,12,860 स्काउट एंड गाईड निधि की छात्रों से कम वसूलीः–**

हि.प्र0 सरकार के पत्र संख्या EDN-A-Kha(16)-4/95-vol-Loose Dated 28th Sept.2004 और EDN-H(21)3(7)-1/76-7 dated 14.10.2004 द्वारा हिमाचल प्रदेश के सभी महाविद्यालयों के प्रधानाचार्यो को निर्देश दिये गए थे की छात्रों से स्काउट एंड गाईड निधि ₹5 प्रतिछात्र प्रति माह की दर से वसूली की जाए एवं सभी कालेजो में स्काउट एंड गाईड की गतिविधियां शुरू की जाए। स्काउट एंड गाईड निधि की रोकड़ बही की जाँच में पाया गया की महाविद्यालय प्रशासन द्वारा उक्त निधि का छात्रों से निम्न विवरणानुसार वर्ष 2005 से 2009–10 तक ₹1,12860 की कम वसूली की गई हि0प्र0 सरकार के निर्देशों के अनुसार

स्काउट एंड गाईड निधि की वसूली न करने का औचित्य स्पष्ट किया जाए अन्यथा कम वसूली गई राशि की वसूली उचित माध्यम से करके अनुपालना से आगामी अंकेक्षण पर अवगत करवाया जाए।

| **वर्ष** | **महाविद्यालय द्वारा उपलब्ध करवाई गई सूचना के अनुसार छात्र/छात्राओं की संख्या (परिशिष्ट संख्या "ग")** | **प्रति माह दर ₹5 की दर से वर्ष के दौरान जितनी वसूली बनती थी। (₹)** | **जितनी वसूली बनती थी जोकि नहीं की गई । (₹)** |
|---|---|---|---|
| 2005—06 | 423 | 60/— | 25380/— |
| 2006—07 | 346 | 60/— | 20760/— |
| 2007—08 | 405 | 60/— | 24300/— |
| 2008—09 | 370 | 60/— | 22200/— |
| 2009—10 | 337 | 60/— | 20220/— |
| | | **कुल योग=** | **1,12,860/—** |

11 **<u>₹11880 की प्राप्ति से सम्बन्धित प्रविष्ट अभिलेख में न करने बारेः—</u>**

चयनित मासों में आय की पड़ताल के दौरान पाया गया कि माह 06/10 (दिनाँक 10/06/10 से 18/06/10 तक) में रसीद संख्या 16457 से 16500 तक **'कक्षा शुल्क प्रतिस्थापन'** (निधि संग्रह शीर्ष के अन्तर्गत ₹360 प्रति छात्र की दर से 44 छात्र/छात्राओं से ₹15840 ₹360X44 छात्र) प्राप्त किये गये थे परन्तु बाद में रसीदों में यह राशि काट दी गई थी तथा निम्नानुसार 11 छात्र/छात्राओं को यह राशि लौटा दी गई थी (रसीदों की उलटी तरफ छात्राओं की पावती थी) तथा शेष 33 (44—11) छात्रों से ली गई राशि ₹11880 (₹360X33 छात्र) का न तो उन छात्र/छात्राओं को वापिस किया गया दर्शाया गया था तथा न ही इस राशि को लेखों में लेखाकंन करके महाविद्यालय निधि में जमा दर्शाया गया था। यह एक गम्भीर अनियमितता है। अतः इस प्रकरण में छानबीन उपरान्त नियमानुसार अपेक्षित कार्यवाही करके वस्तुस्थिति से इस विभाग को अवगत करवाया जाए।

| **रसीद संख्या** | **छात्र/छात्राओं के नाम जितनी पावतियाँ संलग्न थी/जिन्हे यह राशि लौटा दी गई थी।** |
|---|---|
| 16458 | पुनम कुमारी |
| 16459 | रवि कान्त |

| | |
|---|---|
| 16462 | नीरज कुमार |
| 16463 | भावना कुमारी |
| 16464 | राहुल शर्मा |
| 16465 | पंकज शर्मा |
| 16467 | हेमलता |
| 16468 | मनोज शर्मा |
| 16469 | रोहित |
| 16470 | कृष्णा |
| 16472 | विक्रम शर्मा |

12 **₹240 कम जमा करने बारेः–**

चयनित मासों में प्राप्त आय की पड़ताल के दौरान पाया गया कि विभिन्न निधियों के अतंर्गत प्राप्त ₹240 निम्ननानुसार सम्बन्धित निधि संग्रह रजिस्टरों तथा रोकड़ बहीयों में कम लेखांकित की गई पाई गई परिणामस्वरूप ₹240 कम जमा किये गये।

| क्र0 सं0 | छात्र का नाम | रसीद संख्या/दिनाँक | निधि संग्रह रजिस्टर की पृष्ठ संख्या | जितनी राशि प्राप्त की गई | जितनी राशि की प्रविष्टि निधि संग्रह रजिस्टर में की गई थी। | जितनी कम राशि की प्रविष्टि निधि संग्रह रजिस्टर में की गई थी। |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ज्योति लाल | 9954/14–07–04 | 16 से 19 | 659 | 559 | 100 |
| 2 | पंकज शर्मा | 1294/22–08–06 | 25 | 679 | 659 | 20 |
| 3 | आशुतोष | 18557/20–06–13 | 173 | 1120 | 1000 | 120 |
| | | | | | **कुल योग=** | **240** |

अतः इस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए अन्यथा यह राशि उचित स्त्रोत से वसूल करके तथा सम्बन्धित निधियों में जमा करवाया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**13 चालानों द्वारा सरकारी कोष में जमा राशि का मिलान न करने बारेः–**

अंकेक्षण के दौरान प्राप्त शुल्क, पुनः प्रवेश शुल्क, ट्यूशन शुल्क आदि से प्राप्त राशियों को विभिन्न चालानों के द्वारा सरकारी कोष में जमा करवाई गया परन्तु महाविद्यालय द्वारा समय–2 पर जमा करवाई गई इन राशियों का सम्बन्धित कोष कार्यालय से जमा सम्बन्धी विवरण प्राप्त करके मिलान नहीं किया गया जा रहा है जिससे जमा करवाई गई राशियों की पुष्टि नहीं हो पाई। अतः सरकारी कोष के साथ मिलान न किये जाने बारे स्थिति स्पष्ट की जाए व आवश्यक कार्यवाही करके इस विभाग को अवगत करवाऐं। भविष्य में इस अनियमितता की पुरावृति न हो ये भी सुनिश्चित किया जाए।

**14 प्रवेश शुल्क निधियों से प्राप्त राशियों को विलम्ब से जमा करवानाः–**

अंकेक्षण के दौरान प्राप्त निधि/प्रवेश शुल्क की राशियों को सम्बन्धित बैंक खातों/सरकारी कोष में जमा की पड़ताल के दौरान पाया गया कि यह निधियों/शुल्क की राशियों को बैंक/सरकारी कोष में विलम्ब से जमा करवाए जा रहे थे जोकि नियमानुसार उचित नहीं है तथा निम्न कुछ उदाहरण निम्नलिखित है। इस अनियमितता बारे स्थिति स्पष्ट की जाए तथा भविष्य में निधियों शुल्कों से प्राप्त राशियों का बैंक खातों/सरकारी कोष में नियमानुसार शीघ्र जमा किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

| फंड का शीर्ष/प्रवेश शुल्क व विलम्ब प्रवेश शुल्क | फंडस प्राप्ति की अवधि | अवधि के दौरान प्राप्त राशि (₹) | जिस तिथि को सम्बन्धित बैंक खाते में जमा करवाई गई। |
|---|---|---|---|
| युनियन फंड | 16–08–05 से 31–08–05 | 77,520 | 10–09–10 |
| युनिवेर्सिटी फी फंड | 25–08–03 से 29–08–03 तक | 8620 | 15–09–03 |
| यथोपरि | 08–07–04 से 22–07–04 तक | 12660 | 31–07–04 |
| बिल्डिंग फंड | 22–08–06 से 24–08–06 | 13080 | 28–08–06 |
| यथोपरि | 25–08–06 से 30–08–06 तक | 22440 | 05–09–06 |

| | | | |
|---|---|---|---|
| यथोपरि | 31—08—06 | 1560 | 19—09—06 |
| यथोपरि | 29—06—13 से | 1800 | 25—09—13 |
| स्पोर्टस फंड | 15—06—10 | 960 | 13—09—10 |
| यथोपरि | 16—06—10 | 720 | 13—09—10 |
| यथोपरि | 30—06—12 | 4320 | 04—07—12 |
| यथोपरि | 21—06—13 | 2640 | 26—06—13 |
| यथोपरि | 22—06—13 | 720 | 26—06—13 |
| बुकस रिप्लेसमेंट फंड | 15—06—10 | 100 | 28—09—10 |
| यथोपरि | 29—06—10 | 875 | 28—09—10 |
| यथोपरि | 30—06—12 | 450 | 04—07—12 |
| प्रवेश शुल्क / विलम्ब प्रवेश शुल्क | 30—09—01 | 4075 | 20—09—2001 |
| यथोपरि | 21—09—01 | 765 /—(425+340) | 03—10—2001 |
| यथोपरि | 06—07—02 से 15—07—02 | 1225 | 22—07—02 |
| यथोपरि | 25—08—03 से 29—08—03 | 5180 /—(5100+80) | 15—09—03 |
| यथोपरि | 08—07—04 से 22—07—04 तक | 11060 (7400+3660) | 26—07—04 |
| यथोपरि | 22—08—06 से 23—08—06 तक | 2725 | 28—08—06 |
| यथोपरि | 24—08—06 से 30—08—06 से | 4675 | 08—09—06 |
| यथोपरि | 31—08—06 | 325 | 20—09—06 |

**व्ययः—**

15 **₹40 अधिभार के रूप में बिजली विभाग को अनुचित भुगतानः—**

व्यय से सम्बन्धित बिलों की पड़ताल के दौरान पाया गया कि निम्नलिखित प्रकरण में बिजली के बिल का भुगतान करते समय ₹40 का अधिभार के रूप में अनुचित भुगतान

किया गया था जोकि नियमानुसार उचित नहीं है। अतः इस अनियमितता बारे स्थिति स्पष्ट करने के साथ–2 ₹40 की वसूली उचित स्त्रोत से सुनिश्चित की जाए।

| माह | फंड का शीर्ष | रोकड़ बही पृष्ट संख्या | बिल की वास्तविक राशि (₹)(क) | जितने का भुगतान किया गया(₹)(ख) | जितना राशि का अनुचित भुगतान किया गया (₹) (क– ख) |
|---|---|---|---|---|---|
| 10/2004 | होस्टल वाटर चार्जिस फंड | 32 | ₹623 (422+201) | 663 (442+221) | ₹40 |

16 **<u>बिना प्रिंसिपल की स्वीकृति/बिल पारित किये ₹76,777 का अनियमित भुगतानः–</u>**

व्यय से सम्बन्धित बिलों की पड़ताल के दौरान पाया गया कि निम्नलिखित प्रकरणों में वाऊचर पर प्रिंसिपल की व्यय स्वीकृति (expenditure sanction)/बिल पारित आदेश (Pass Order) के बिना ही यह भुगतान कर दिए गए थे जोकि एक गम्भीर अनियमितता है। अतः इस अनियमितता बारे स्थिति स्पष्ट की जाए व व्यय को सक्षम अधिकारी की कार्योत्तर स्वीकृत प्राप्त करके नियमित करवाया जाए।

| माह | फंड का नाम | रोकड़ बही पृष्ठ संख्या | राशि (₹) | क्रय की गई वस्तुओं का विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 03/98 | युनियन फंड | 2 | 685/– (555+65+65) | स्पोर्टस मेटीरियल |
| 10/2000 | अनुपस्थिति फंड | 30 | 82/– | स्टेशनरी आदि। |
| 10/2000 | रेड क्रोस फंड | 1 | 10/– | स्टेशनरी आदि। |
| 10/2000 | युनियन फंड | 17 | 385/– | स्पोर्टस मेटीरियल। |
| 10/2000 | युनियन फंड | 17 | 109/– | बिजली का सामान। |
| 10/2000 | युनियन फंड | 17 | 364/– | स्पोर्टस |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| | | | | मेटीरियल। |
| 10/2000 | मैगजीन फंड | 2 | 78/– | स्टेशनरी आदि। |
| 10/2000 | होस्टल क्लेरिकल फंड | 2 | 50/– | स्टेशनरी आदि। |
| 11/2003 | आई. कार्ड्स फंड | 11 | 3370/– | आई कार्डस |
| 11/2003 | होस्टल इलेकटरीसिटी फंड | 25 | 6464 (306+381+1157+35+195+1866+2131+50+250+93) | बिजली के बिल्स आदि। |
| 10/2004 | रेड़ क्रोस फंड | 1 | 4247/– (2720+1232+295) | वाटर टैंक. फिटिंग्स, रिपेयर चार्जिस आदि। |
| 10/2004 | कोमन रूम फंड | 14 | 1120/– | रजाई कवर आदि। |
| 10/2004 | कोमन रूम फंड | 14 | 864/– | दरी |
| 10/2004 | होस्टल इलेकटरीसिटी फंड | 34 | 1955/– (1045+805+106) | बिजली के बिल्स तथा रोड्स। |
| . | होस्टल बिल्डिंग | .......... | 8022/– | बिल्डिंग |
| 10/2004 | कमेटी फंड | | [2100+65+175+18+761+180+1318 (429+91+368+378+52) +3405, | मेटीरियल, मजदूरी आदि। |
| 04/2007 | मैगजीन फंड | 35 | 39700/– | मेग्ज़िन्स कि प्रिंटिंग। |
| 01/2012 | होस्टल इलेकटरीसिटी फंड | 9 | 7132/– (2585+4547) | बिजली के बिल्स। |
| 11/2013 | मेस अडवांस फंड | 10 | 1000/– | अएडवांस श्री नीता राम को वापिस किया गया। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 11/2013 | मेस अडवांस फंड | 10 | 1000/— | अएडवांस संजय शर्मा को वापिस किया गया। |
| 11/2003 | लाईब्रेरी सिक्योरिटी फंड | .......... | 140/— | बाइंडिंग चार्जिस, स्टेम्प बनवाई। |
| | | **जोड़=** | **76777.00** | |

17 **<u>सक्षम प्राधिकारी की पूर्व स्वीकृति के बिना एक निधि से दूसरी निधि में राशियों अनियमित रूप से हस्तान्तरण करने बारेः—</u>**

अंकेक्षण के दौरान व्यय की पड़ताल के दौरान पाया गया के निम्नानुसार ₹35,902 ऋण के रूप में एक निधि से दूसरी निधि में बिना सक्षम प्राधिकारी (नियम 4.8.d) की स्वीकृति के हस्तातरित किये गये थे। इन राशियों को सम्बन्धित निधि में कब वापिस जमा किया गया इस बारे अंकेक्षण के दौरान अवगत नहीं करवाया गया था। अतः बिना सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के एक निधि से दुसरी निधि में राशि हस्तातरित किये जाने बारे स्थिति स्पष्ट किये जाने के साथ—2 अब सक्षम प्राधिकारी स्वीकृति से इन राशियों का हस्तांन्तरण नियमित करवाके तथा सम्बन्धित निधियों में इन राशियों को वापिस जमा बारे अंकेक्षण को अवगत करवाया जाए। भविष्य में इन अनियमितता की पुनरावृति न हो ये भी सुनिश्चित किया जाए।

| माह | निधि का नाम | रोकड़ बही पृष्ठ संख्या | राशि (₹) | जिस निधि में हस्तांतरित की गई। |
|---|---|---|---|---|
| 10/96 | मेडिकल/हेल्थ फंड | 35 | 1200 | बिल्डिंग फंड |
| 04/07 | युनियन फंड | 88 | 25300 | मेग्जिन फंड |
| 04/10 | अनुपस्थिति फंड | 87 | 3800 | कलचरल फंड |
| 10/2013 | फर्नीचर सिक्योरिटी फंड | 41 | 5602 | व्यय होस्टल बिल्डिंग की रिपेयर हेतु किया गया था। |
| | | **कुलयोग** | **35,902** | |

**18 भुगतान के विरूद्व पावतियां प्रस्तुत न करनाः–**

लेखा परीक्षा में पाया गया कि निम्न भुगतान के विरूद्ध वास्तविक प्राप्ति रसीदें अंकेक्षण में प्रस्तुत नहीं की गई थी जिसका औचित्य स्पष्ट किया जाए तथा सम्बन्धित रसीदें अब प्राप्त करके उन्हें आहरण एवं वितरण अधिकारी से सत्यापित करवाके आगामी अंकेक्षण किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

| माह | फंड का शीर्ष | रोकड़ बही पृष्ठ संख्या | राशि (₹) | विवरण | टिप्पणी |
|---|---|---|---|---|---|
| 10/2004 | कोमन रूप फंड | 14 | 668 | मजदूरी का भुगतान | ₹130 का भुगतान श्री गुलाब मुहम्मद को गया था। पावती संलग्न नहीं थी। |
| 10/2004 | होस्टल वाटर चार्जिस फंड | 32 | 663 | पानी के बिल | पावती संलग्न नहीं थी। |
| 10/2004 | हाउस बिल्डिंग कमेटी फंड | | 3405 | मजदूरी का भुगतान | ₹325 का भुगतान श्री गुलाब मुहम्मद को गया था। पावती संलग्न नहीं थी। |

**19 बिना अवतरणें (Quotation) आमंत्रित किये सामान क्रय किये जाने बारेः–**

व्यय की पड़ताल के दौरान पाया गया कि निम्नलिखित प्रकरणों में वस्तुओं के क्रय से पूर्व अवतरणें आंमत्रित नही की गई थी जबकि हिमाचल प्रदेश सरकार (वित् विभाग) (रेगुलेशन) की अधिसूचना संख्या फिन (सी)ए(3) 5/2005, शिमला–171002 दिनॉक 12.8. 09 के नियम 98 के निर्देशानुसार 3000 से अधिक मुल्य (12/08/09) से पूर्व ₹1000 से अधिक) की वस्तुओं का क्रय अवतरणों के आधार पर ही किया जाना अपेक्षित था जोकि नहीं किया गया था। अतः इस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए तथा सम्बन्धित सक्षम प्राधिकारी से कार्योत्त्तर स्वीकृति प्राप्त करके इस व्यय को नियमित करवाया जाए तथा अनुपालना से आगामी अंकेक्षण पर अवगत करवाया जाए तथा भविष्य में वस्तुओं का क्रय नियमानुसार

विहित प्रक्रिया अपनाने के पश्चात ही किया जाना सुनिश्चित किया जाए। ताके बाजारी प्रति स्पर्धा का लाभ उठाया जा सके।

| **माह** | **फंड का नाम** | **रोकड़ बही पृष्ठ संख्या** | **राशि (₹)** | **क्रय की गई वस्तुओं का विवरण** |
|---|---|---|---|---|
| 12/95 | अनुपस्थिति दण्ड निधि | 8 | 4385 | माइह स्टेंड, माइक रोकड़ आदि |
| 10/2000 | मिश्रित निधि | 16 | 4720 | प्रॉस्पेक्टस की पिंटिंग |
| 10/2000 | मिश्रित निधि | 17 | 2454 | स्पोर्टस मेटीरियल का क्रय |
| 10/2004 | रेड क्रोस निधि | 1 | 1232 | वाटर टैंक फिटिंग्स। |
| 10/2004 | मिश्रित निधि | 53 | ₹1092 (बिल की पूरी राशि ₹2184 थी, जिसमें से बिल की आधी ₹1092 छात्रों से वसूली गई थी तथा आधी राशि का भुगतान यूनियन फंड में से किया गया था) | स्पोर्टस मेटीरियल |
| 10/2004 | मिश्रित निधि | 52 | 2127 | स्पोर्टस मेटीरियल |
| 10/2004 | यूनियन फंड | 53 | 3656 | स्पोर्टस मेटीरियल |
| 10/2004 | कोमन रूम फंड | 14 | 1120 | रजाई कवर आदि। |
| 04/2006 | यूनियन फंड | 77 | 3406 | आमन्त्रण पत्र |
| 04/2006 | यूनियन फंड | 77 | 2100 | बेनर्स |
| 04/2006 | यूनियन फंड | 78 | 1720 | बुके, मात्रा आदि |
| 04/2006 | यूनियन फंड | 78 | 7440 | खाने का सामान (चाय, समोसा आदि) |
| 04/2006 | यूनियन फंड | 78 | 21350 | टैंट तथा अन्य सामान का किराया। |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 04/2007 | हाउस एग्ज़ाम | 37 | 2740 | लिफाफे एवं प्रिंटिंग चार्जिज आदि। |
| 04/2007 | कलचरल एक्टीवीटीज फंड | 42 | 12000 | टैंट्स आदि का किराया। |
| 11/2008 | होस्टल क्लीनीनेस फंड | 35 | 2800 | टैंक की सफाई। |
| 04/2010 | कलचरल एकटीवीटीज फंड | 65 | 9800 | टैंट्स आदि का किराया। |
| 04/2013 | अनुपस्थिति दण्ड निधि | 09 | 9800 | टैंट आदि का किराया। |
| 04/2006 | अनुपस्थिति दण्ड निधि | 64 | 4775 | बुकस। |
| 04/2010 | अनुपस्थिति दण्ड निधि फंड | 87 | 15,085 | बुकस। |
| 04/2013 | अनुपस्थिति दण्ड निधि फंड | 09 | 7,398 | बुकस। |
| 10/2004 | होस्टल बिल्डिंग कमेटी फंड | ............ | 2100 | बिल्डिंग मेटीरियल आदि। |

20 **दर संविदा (Rate Conract) के आधार पर सामान क्रय न किये जाने बारेः–**

हिमाचल प्रदेश सरकार के निर्देशानुसार सभी विभागों, बोर्डो तथा निगम इत्यादि को अपने कार्यालयों की आवश्यकतों की वस्तुओं का क्रय सरकार द्वारा समय–समय पर निर्धारित दर संविदाओं (Rate Contract) पर निर्धारित फर्मो से ही किया जाना अपेक्षित है तथा खुले बाजार से क्रय केवल उन्ही परिस्तिथियों में की जा सकती है जबकि कोई वस्तु दर संविदा पर उपलब्ध न हो परन्तु ऐसे प्रकरणों में भी नियन्त्रण, भण्डार क्रय, हिमाचल प्रदेश का अनापति प्रमाण पत्र प्राप्त किया जाना अपेक्षित होता है।

चयनित मासों में व्यय की पड़ताल के दौरान पाया गया कि महाविद्यालय द्वारा खेल कूद से सम्बन्धित वस्तुओं का क्रय दर संविदिाओं के आधार पर न करके सीधे खुले

बाजार से किया गया था तथा क्रय से पहले नियन्त्रक, भण्डार क्रय, हिमाचल प्रदेश से नियमानुसार अनापति प्रमाण पत्र भी प्राप्त नही किये गए थे जिसके कुछ उदाहरण निम्नविवरणानुसार हैं।

| **माह** | **निधि का शीर्ष** | **कैश बुक पृष्ठ संख्या** | **राशि (₹)** | **टिप्पणी** |
|---|---|---|---|---|
| 10/2000 | मिश्रित निधि | 17 से 18 | 4908 (2454+385+364+85 +1470+150) | स्पोर्टस मेटीरियल |
| 03/98 | मिश्रित निधि | 2 | 685 (555+65+65) | यथोपरि |
| 10/2004 | मिश्रित निधि | 52 से 53 | 6875 (2127+3656+1092) | यथोपरि |
| 01/2006 | मिश्रित निधि | 72 | 12960 (6773+4253+1934) | यथोपरि |

अतः उपरोक्त अनियमितता बारे स्थिति स्पष्ट की जाए अनियमित तरीके से किये गये व्यय को सक्षम अधिकारी की कार्योत्तर स्वीकृति प्राप्ति करके नियमित करवाया जाए। तथा भविष्य में वस्तुओं का क्रय नियमानुसार उपरोक्त विहित प्रक्रिया अपनाने के पश्चात ही किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

**21 सक्षम प्राधिकारी की स्वीकृति के बिना फर्नीचर वस्तुओं की खरीद करने बारेः–**

व्यय की पड़ताल के दौरान पाया गया कि महाविद्यालय द्वारा चयनित मासों में निम्नानुसार फर्नीचर वस्तुओं का क्रय किया गया था। पत्र संख्या Fin-1(c)14-1/92-vol.II, Government of Himachal Pradesh, Finance ‘F’ Section, Dated 22/04/1999 [Economy instuctions-EM 99(1)] के क्रम संख्या 7 में दिए गये निर्देश के अनुसार फर्नीचर वस्तुओं के क्रय से पूर्व वित्त विभाग की पूर्व अनुमति ली जानी अनिवार्य थी परन्तु अंकेक्षण के दौरान यह स्वीकृति दर्शाई नही गई जिससे यह प्रतीत होता है कि यह स्वीकृति ली ही न गई थी। अतः इस बारे स्थिति स्पष्ट की जाए अन्यथा निम्नलिखित फर्नीचर वस्तुओं के क्रय को अब सक्षम प्राधिकारी की कार्योत्तर स्वीकृति प्राप्त करके नियमित करवाया जाए तथा, अनुपालना से आगामी अंकेक्षण पर अवगत करवाया जाए।

भविष्य में फर्नीचर वस्तुओं का क्रय करते समय सरकार के दिशा निर्देशों का पालन किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

| **माह** | **निधि का शीर्ष** | **रोकड़ बही पृष्ठ संख्या** | **राशि (₹)** | **क्रय की गई वस्तुओं का विवरण।** |
|---|---|---|---|---|
| 09/2001 | मिश्रित निधि | 28 | 33936 | (डेस्क) |
| 09/2002 | मिश्रित निधि | 35 | 20271 | (डेस्क) |
| 10/2000 | मिश्रित निधि | 17 | 12120 | (डेस्क) |
| 10/2000 | मेडिकल/हेल्थनिधि | 49 | 4848 | (डेस्क) |
| 09/2001 | फर्नीचर रिपेयर निधि | 8 | 2424 | (डेस्क) |
| 11/2003 | मिश्रित निधि | 45 | 1100 | (रिवोल्विंग चेयर) |

## 22 विभिन्न निधियों से ₹33415 का अनाधिकृत व्ययः—

